बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध

प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को रु.795.94 करोड़ का लाभांश चेक प्रदान किया

पुणे, 20 जून, 2023: बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) देश के सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक है। बैंक ने मंगलवार को माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु रु.795.94 करोड़ का लाभांश चेक प्रदान किया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री ए. एस. राजीव द्वारा यह लाभांश चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर वित्तीय सेवाएं विभाग के संयुक्त सचिव श्री समीर शुक्ला के साथ बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री ए. बी. विजयकुमार और श्री आशीष पाण्डेय भी उपस्थित थे।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए रु.1.30 प्रति इक्विटी शेयर (13 प्रतिशत) का लाभांश घोषित किया। यह लाभांश भुगतान वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक के उल्लेखनीय वित्तीय प्रदर्शन को दर्शाता है। संपूर्ण वर्ष 2022-23 के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र का निवल लाभ पिछले वित्तीय वर्ष के रु.1152 करोड़ की तुलना में 125.96% बढ़कर रु.2602 करोड़ हो गया।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र लगातार उल्लेखनीय परिणाम दे रहा है और मजबूत फंडामेंटल इंडीकेटर्स के साथ वित्तीय वर्ष-21, वित्तीय वर्ष-22 और वित्तीय वर्ष-23 के लिए जमाराशियों और ऋण वृद्धि के मामले में पीएसबी के चार्ट में शीर्ष पर बना हुआ है। लाभप्रदता में पर्याप्त वृद्धि बैंक ऑफ महाराष्ट्र की चुनौतियों से उबरने और सुदृढ़ आय अर्जित करने की क्षमता को प्रदर्शित करती है।

वर्ष दर वर्ष बैंक ऑफ महाराष्ट्र का उल्लेखनीय वित्तीय प्रदर्शन यह प्रदर्शित करता है कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र बैंकिंग क्षेत्र का महत्वपूर्ण और प्रभावशाली सदस्य है। बैंक ने बाजार के बदलते स्वरूप के साथ उसे अपनाया है और बाज़ार के अनुकूल सक्रियता दर्शाई है, जिससे यह कार्य-प्रदर्शन के मामले में अग्रणी रहने में समर्थ हो सका। हाल ही में बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने क्यूआईपी प्रक्रिया के माध्यम से सफलतापूर्वक रु.1000 करोड़ की पूंजी जुटाई, जो बैंक के प्रति निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कार्य-निष्पादन इसके कर्मचारियों के समर्पण और प्रतिबद्ध प्रयासों के साथ-साथ बैंक द्वारा लिए गए रणनीतिक निर्णयों और परिचालन नीतियों की प्रभावशीलता को दर्शाता है। इससे बैंक को डिजिटाइजेशन और ईज ऑफ बैंकिंग पर दृढ़ता से ध्यान देने के साथ ही लाभ और प्रगति के पथ पर अग्रसर होने में सहायता मिली है।

वर्तमान में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का 2210 शाखाओं और 2350 एटीएम का व्यापक शाखा नेटवर्क है, जो 28 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में परिचालनरत है।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध

प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5